# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांक:28.09.2025

**प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता, काउंसिलिंग के माध्यम से 09 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया —**

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है। आज दिनांक 28.09.2025 को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 09 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे।

परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला उप-निरीक्षक उषा सिंह , महिला आरक्षी-कविता पाल , ओ0पी0सुनीता एवं सदस्यगण पार्वती पाण्डेय, निर्मला राय व सुरेश जयसवाल मौजूद रहें।



************